an>

Title: Need to expedite the construction of Ramganj Mandi Railway line.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे मेरे क्षेत्र का महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में बहु-प्रतीक्षित रेलवे लाइन रामगंज मंडी, भोपाल के लिए रेल बजट 2015-16 में करीब 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिसमें से केवल 50 करोड़ रुपये का प्रावधान पूंजी मद में किया गया है तथा 200 करोड़ रुपये का प्रावधान ईबीआर मद में किया गया है। इसके व्यय की अनुमति मंत्रालय स्तर से नहीं दी गई है। इसके कारण पूंजी मद के 50 करोड़ रुपये का कार्य ही वर्तमान में प्रचलित है। मेरे लोक सभा क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश के अंतर्गत अंतर्राज्यीय राजस्थान, मध्य प्रदेश व अन्य परिवहन कार्यों के लिए उक्त रेल मार्ग की मांग काफी समय से रही है जो सामरिक दृष्टि से जयपुर, जबलपुर आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के मध्य होने से भी महत्वपूर्ण है। रामगंज मंडी, भोपाल रेलवे लाइन प्रारंभ होने से क्षेत्र के लगभग एक करोड़ से अधिक लोगों को रेल यातायात की सुविधा का लाभ मिलेगा तथा इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भी लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्रवासियों की आकांक्षा के अनुरूप रामगंज मंडी, भोपाल रेलवे लाइन के बजट में प्रावधान व कार्य योजना के अनुरूप शीघ्र कार्य किए जाएं तथा पर्याप्त आवंटन व शेष राशि भी जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने की कृपा करें।